# काय चिकित्सा – 1

## कामला रोग में किराताद्य चूर्ण का चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. महेन्द्र कुमार त्रिवेदी |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. अजय कुमार शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1991 |

जयपुर एवं देश के कई भागों में कामला रोग की विकट समस्या एवम् आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कम प्रभावी होने के कारण आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति के द्वारा इस रोग के निवारण हेतु प्रस्तुत विषय का चयन शोध प्रबन्ध हेतु किया गया है।

प्रस्तुत शोध हेतु 16 आतुरों का चयन किया गया, जिन्हें किराताद्यचूर्ण (च0चि0 15/137–140) 5–5 ग्राम की मात्रा में जल या मधु से दिन में दो बार दिया गया । औषध प्रयोग अवधि 30 दिन रखी गई ।

16 आतुरों में से 12 कोष्ठाश्रित कामला के (75 प्रतिशत) आतुरों में से 4 को पूर्ण लाभ, 7 को पर्याप्त लाभ एवम् 1 को कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ । शाखाश्रित कामला के 4 आतुरों में से पूर्ण एवम् पर्याप्त लाभ किसी को नहीं हुआ । यह औषध Serum bilirubin को महत्वपूर्ण परिमाण में कम करने में समर्थ है । Urinary urobilinogen को भी कम करने में यह औषध समर्थ है, किन्तु Urinary bilirubin (Bile salt) को कम करने में यह औषध विशेष लाभकारी नहीं है ।

# काय चिकित्सा – 2

## तमक श्वास में शोधनोत्तर श्वासकालेश्वर रस का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. सुन्दर लाल जोशी

**निर्देशक** : प्रो. मदन गोपाल शर्मा

**वर्ष** : 1991

वायु प्रदूषण के कारण दिन प्रतिदिन श्वास रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। आचार्य चरक ने तमक श्वास में संशोधन का विशेष महत्व बताया है । अतः इस शोध प्रबन्ध के अंतर्गत तमक श्वास में संशोधन का महत्व व शोधनोत्तर श्वासकालेश्वर रस का चिकित्सात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है ।

इस अध्ययन में तमक श्वास के चयनित 60 रुग्णों को तीन वर्गों में (प्रत्येक वर्ग में 20 रोगी) विभाजित किया गया।

1. वर्ग 'अ' में शोधन (वमन, विरेचन) के पश्चात् श्वासकालेश्वर रस (वृ. निघण्टुरत्नाकर भाग–3, श्वास कर्म विपाक पृ. 628) 250 मि.ग्रा. की मात्रा में प्रातः, सायं आर्द्रक रस व मधु के अनुपान से प्रयोग किया गया ।
2. वर्ग 'ब' में बिना शोधन के श्वासकालेश्वर रस का प्रयोग किया गया ।
3. वर्ग 'स' में आधुनिक औषध डेरीफाइलिन का प्रयोग किया गया ।

औषध प्रयोग अवधि सभी वर्गों में 6 सप्ताह रखी गई ।

उपरोक्त तीनों वर्गों में वर्ग 'अ' के रुग्णों में अन्य वर्ग की अपेक्षा उत्तम परिणाम प्राप्त हुए ।

# काय चिकित्सा – 3

## मधुमेह व्याधि पर मधुमेहहर वटी एवं दार्व्यादि क्वाथ का तुलनात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. सुनीता जैन

**निर्देशक** : प्रो. मदन गोपाल शर्मा

**वर्ष** : 1991

मधुमेह रोगियों की बढ़ती हुई संख्या एवं इसमें प्रयुक्त होने वाली एलौपैथिक दवाओं के अत्यधिक दुष्प्रभावों को देखते हुए दो शास्त्रीय योग मधुमेहहर वटी एवं दार्व्यादि क्वाथ के पुनर्मूल्यांकन हेतु शोध अध्ययन किया गया है।

प्रस्तुत अध्ययन में 36 मधुमेह रोगियों को 3 वर्गों में (प्रत्येक वर्ग में 12) विभाजित किया गया । प्रथम वर्ग के रोगियों को मधुमेहहर वटी (सिद्धप्रयोगलतिका 18/67) 4 ग्राम जल अनुपान से प्रातः सायं भोजन पूर्व, द्वितीय वर्ग में मधुमेहहर वटी 2 ग्राम तथा दार्व्यादि क्वाथ (च0चि0 6/26) 10 मि.लि. प्रातः, सायं भोजन पूर्व एवं तृतीय वर्ग में केवल दार्व्यादि क्वाथ 10 मि.लि. प्रातः, सायं भोजन पूर्व दिया गया । अध्ययन की अवधि 60 दिन रही ।

औषध के प्रभाव के निर्धारण हेतु प्रत्येक रोगी की रक्त परीक्षा के अन्तर्गत TLC, DLC, ESR, Hb%, FBS, PPBS एवं मूत्र परीक्षण किया गया ।

द्वितीय वर्ग के रोगियों में सर्वाधिक लाभ (83.34 प्रतिशत), प्रथम वर्ग के रोगियों में मध्यम लाभ (73.20 प्रतिशत) एवं तृतीय वर्ग के रोगियों में न्यूनतम लाभ (70.37 प्रतिशत) देखा गया ।

उपरोक्त अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि मधुमेहहर वटी एवं दार्व्यादि क्वाथ मधुमेह रोग में प्रभावकारी है एवं इनका एक साथ प्रयोग अत्यन्त उपयोगी है।

## काय चिकित्सा – 4

### तमक श्वास में मनःशिलादि घृत की कार्मुकता का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. कृष्ण चन्द्र शर्मा

**निर्देशक** : प्रो. मदन गोपाल शर्मा

**वर्ष** : 1992

संशोधन उपरान्त द्रव्य की कार्मुकता बढ़ जाती है या नहीं यह सिद्ध करने के लिए तमक श्वास में मनःशिलादि घृत की कार्मुकता का अध्ययन करने के उद्देश्य से महानिबन्ध का विषय चयनित किया गया है ।

इस अध्ययन हेतु 40 आतुरों का चयन कर उन्हें तीन वर्गों में विभाजित किया गया । वर्ग 'अ' में संशोधनोपरान्त मनःशिलादि घृत (च0चि0 17/145) का 2½ ग्राम मात्रा में प्रातः, सायं प्रयोग करवाया गया, वर्ग 'ब' में संशोधन बिना मनःशिलादि घृत का प्रयोग करवाया गया तथा वर्ग 'स' में संशोधन उपरान्त पथ्य सेवन करवाया गया । औषध प्रयोग अवधि 7 सप्ताह रखी गई ।

वर्ग 'अ' में उत्तम लाभ 80 प्रतिशत एवम् मध्यम लाभ 20 प्रतिशत रहा । वर्ग 'ब' में उत्तम लाभ 30 प्रतिशत एवम् मध्यम तथा अल्पलाभ 35–35 प्रतिशत रहा । वर्ग 'स' में मध्यम तथा अल्पलाभ 50–50 प्रतिशत रहा ।

# काय चिकित्सा – 5

## सक्षौद्रं ग्रथिते रक्ते लिह्यात् पारावतं शकृत् (पक्षाघात के परिप्रेक्ष्य में)

**अध्येता** : डा. सत्येन्द्र नारायण ओझा
**निर्देशक** : प्रो. मदन गोपाल शर्मा
**सह–निर्देशक** : डा. विजय सिंह
**वर्ष** : 1992

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में ग्रथित रक्त के कारण उत्पन्न पक्षाघात में पारावत शकृत् का मधु के साथ प्रयोग करवाकर उसकी कार्मुकता का चिकित्सकीय अध्ययन किया गया है । इसके साथ ही पारावत शकृत् का Antithrombolitic effect जान्तव प्रयोग द्वारा सिद्ध किया गया है।

प्रस्तुत शोध कार्य में पक्षाघात से पीडित 30 आतुरों का चयन कर उन्हें तीन वर्गों में विभाजित कर प्रथम वर्ग में आतुरों को पारावत शकृत् के 2 कैप्सूल (500 मि.ग्रा. प्रति कैप्सूल) दिन में 3 बार मधूदक (1 लिटर जल + 50 मि.लि. मधु से निर्मित) के साथ, द्वितीय वर्ग में पारावत शकृत् कैप्सूल मधूदक एवम् दशमूल क्वाथ (10 ग्राम औषध से निर्मित) के साथ तथा तृतीय वर्ग में आतुरों को केवल मधूदक एवम् दशमूल क्वाथ दिया गया । औषध प्रयोग अवधि 60 दिन रखी गई ।

प्रथम वर्ग में पूर्ण लाभ 10 प्रतिशत, पर्याप्त लाभ 70 प्रतिशत तथा आंशिक एवं अलाभ 10–10 प्रतिशत रहा। द्वितीय वर्ग में पूर्ण लाभ 10 प्रतिशत, पर्याप्त लाभ 70 प्रतिशत एवं अलाभ 20 प्रतिशत रहा। तृतीय वर्ग में आंशिक एवं अलाभ 50–50 प्रतिशत रहा।

इस प्रकार औषध की कार्मुकता प्रतिषेधात्मक रुप में 20 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. एवम् चिकित्सात्मक वर्ग में 5 मि.ग्रा. प्रति कि.ग्रा. तक प्राप्त हुई । Heparin के साथ तुलनात्मक अध्ययन में प्रतिषेधात्मक रुप में दोनों का प्रभाव समान परिलक्षित हुआ। चिकित्सात्मक वर्ग में जहाँ Heparin कार्मुक नहीं रही वहीं पारावत शकृत् की कार्मुकता सांख्यिकीय विश्लेषण से अति सार्थक प्राप्त हुई ।

# काय चिकित्सा – 6

## पक्षाघात रोग में वातराक्षस रस एवं चरकोक्त संशोधन कर्म का तुलनात्मक चिकित्सकीय अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. परमानन्द उपाध्याय |
| **निर्देशक** | : | प्रो. मदन गोपाल शर्मा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. राधेश्याम शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1993 |

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में वात दोष प्रवृद्धि मूलक मनुष्य को विकलांग करने वाली तथा सामान्य जीवन से विमुख करने वाली घोर व्याधि पक्षाघात पर वातराक्षस रस एवम् चरकोक्त पक्षाघात के चिकित्सा सिद्धान्त की कार्मुकता का अध्ययन किया गया है।

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु 23 आतुरों का चयन कर उन्हें 3 वर्गों में विभाजित किया गया । प्रथम वर्ग में 9 आतुर लिए गए एवम् उन्हें वातराक्षस रस (वृहत् योगतरंगिणी वातव्याधिरोगाधिकार) 250 मि.ग्रा. की दो मात्रा प्रतिदिन शहद से दी गई एवम् इसी वर्ग में शामिल बालकों को 125 मि.ग्रा. की दो मात्रा प्रतिदिन शहद से दी गई। द्वितीय वर्ग में 7 आतुर लिए गए एवम् उन्हें संशोधन तथा व्यायाम के साथ उपर्युक्त औषध दी गई। चरकोक्त संशोधन कर्म 'स्वेदनं स्नेहसंयुक्ते पक्षाघाते विरेचनम्' इस सिद्धान्तानुसार इस वर्ग में महानारायण तैल से अभ्यंग, दशमूल क्वाथ से वाष्पस्वेदन तथा महानारायण तैल से अनुवासन बस्ति एवम् एरण्डमूलादि निरुह बस्ति दी गई । तृतीय वर्ग में भी 7 आतुरों का चयन किया गया एवम् उन्हें उपर्युक्त प्रकार से संशोधित कर व्यायाम करवाया गया । औषध सेवन अवधि 3 माह रखी गई ।

द्वितीय वर्ग में 42.8 प्रतिशत में पूर्ण लाभ एवम् 57.2 प्रतिशत में पर्याप्त लाभ देखा गया । इससे कम लाभ प्रथम वर्ग में देखने को मिला जहाँ 11.2 प्रतिशत में पूर्ण लाभ तथा 44.4 प्रतिशत में पर्याप्त लाभ देखा गया । सबसे कम लाभ तृतीय वर्ग में देखने को मिला जहाँ आंशिक लाभ तथा अलाभ 86 प्रतिशत रोगियों में एवम् पर्याप्त लाभ मात्र 14 प्रतिशत रोगियों में देखा गया ।

# काय चिकित्सा – 7

## आमवात पर मेथीपाक का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. धर्म प्रकाश आर्य

**निर्देशक** : प्रो. मदन गोपाल शर्मा

**वर्ष** : 1994

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध का उद्‌देश्य आमवात व्याधि की सम्प्राप्ति विघटन में मेथीपाक की कार्मुकता सिद्ध करना है ।

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु 30 आतुरों का चयन किया गया, जिन्हें दो वर्ग – वर्ग 'अ' एवम् वर्ग 'ब' में विभाजित किया गया । वर्ग 'अ' में 15 आतुरों को प्रथम 3, 5, 7 दिनों तक लंघन करवाया गया, तत्पश्चात् रुक्षस्वेदन (बालुकास्वेद) करवाकर मेथीपाक (वृ. निघण्टुरत्नाकर, आमवातकर्मविपाक) 25 ग्राम प्रातः, सायं दिया गया । चिकित्सा पश्चात् 1–3 दिनों तक निरुह बस्ति का प्रयोग करवाया गया ।

वर्ग 'ब' में मेथीपाक 25 ग्राम प्रातः, सायं प्रयोग करवाया गया ।

अनुपान उष्ण दुग्ध अथवा उष्ण जल दिया गया तथा प्रयोग अवधि एक माह तक रखी गई ।

प्रयोगशालीय परीक्षण में रक्त परीक्षण (TLC, DLC, ESR, Hb%, RA Factor) एवं मूत्र परीक्षण (Routine & Microscopic) करवाया गया ।

निष्कर्ष के रुप में वर्ग 'अ' में उत्तम लाभ 6 आतुरों में, सामान्य लाभ 9 आतुरों में, वर्ग 'ब' में उत्तम लाभ 2 आतुरों में, सामान्य लाभ 6 आतुरों में, अल्प लाभ 5 आतुरों में तथा अलाभ 2 आतुरों में प्राप्त हुआ ।

# काय चिकित्सा – 8

## प्रवाहिका में शतपुष्पादि अनुवासन बस्ति का चिकित्सात्मक अध्ययन


| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. कल्याण प्रसाद मीणा |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. चन्द्रभानु शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1994 |


वर्तमान में जठराग्निमांद्य से उत्पन्न होने वाली महास्रोतोगत व्याधियों में प्रवाहिका भी एक प्रमुख व्याधि है, इस हेतु सर्व सुलभ एवम् अल्प व्यय साध्य शतपुष्पादि अनुवासन बस्ति का अध्ययन हेतु चयन किया गया है।

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु शतपुष्पादि अनुवासन बस्ति (चरक चिकित्सा 19/62) का प्रयोग 50 मि.लि. – 75 मि.लि. की मात्रा में 30 दिनों तक कुल 20 आतुरों में किया गया ।

शतपुष्पादि अनुवासन बस्ति से 55 प्रतिशत रोगियों में उत्तम लाभ एवम् 35 प्रतिशत रोगियों में सामान्य लाभ प्राप्त हुआ । 10 प्रतिशत रोगियों में चिकित्सोपरान्त कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ ।

# काय चिकित्सा – 9

## आमवात में स्वेदन एवं बस्ति कर्म की कार्मुकता

**अध्येता** : डा. कमल सिंह खितौलिया

**निर्देशक** : वैद्य बनवारी लाल मिश्रा

**सह–निर्देशक** : डा. चन्द्रभानु शर्मा

**वर्ष** : 1994

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में प्रयोगात्मक अध्ययन हेतु आमवात रोग से ग्रस्त रोगियों में प्रयोगार्थ स्वेदन एवम् बस्ति कर्म का चयन किया गया ।

स्वेदनार्थ दशमूलादि योग (कल्पित, घटक द्रव्य – दशमूल, एरण्ड मूल त्वक्, शिग्रु मूल त्वक्, पुनर्नवा एवं निर्गुण्डी पत्र) एवम् बस्ति कर्म के लिए अनुवासन बस्ति हेतु वृ0 सैन्धवादि तैल (भैषज्यरत्नावली 29/222–227), निरुह बस्ति हेतु एरण्डमूलादि निरुह बस्ति (च0सि0 3/ 38–42) का चयन किया गया।

इस अध्ययन हेतु अंतरंग विभाग से 22 एवम् बहिरंग विभाग से 8 आतुरों का चयन किया गया । आतुरों को दो वर्गों – वर्ग 'अ' एवम् वर्ग 'ब' में विभाजित किया गया ।

वर्ग 'अ' के 10 आतुरों में अश्वगन्धा चूर्ण कैप्सूल (250 मि.ग्रा.) प्रातः, सायं उष्णोदक अनुपान से दिया गया । वर्ग 'ब' के 20 आतुरों में स्वेदन एवं बस्ति दी गई।

औषध प्रयोग अवधि 30 दिन रखी गई ।

वर्ग 'अ' के आतुरों में कोई भी लाभ नहीं हुआ एवम् वर्ग 'ब' के आतुरों में पर्याप्त लाभ पाया गया, जिसमें उत्तम लाभ 6 आतुरों में (30 प्रतिशत), सामान्य लाभ 11 आतुरों में (55 प्रतिशत) तथा अलाभ 3 आतुरों में (15 प्रतिशत) पाया गया ।

इस प्रकार अनुवासन बस्ति हेतु वृ0 सैन्धवादि तैल एवम् एरण्डमूलादि निरुह बस्ति के साथ–साथ दशमूलादि योग द्वारा वाष्प स्वेदन की आमवात व्याधि में कार्मुकता सिद्ध होती है ।

# काय चिकित्सा – 10

## श्लैष्मिक ग्रहणी रोग पर वमनपूर्वक पलाशादि पानीय एवं यवागू प्रयोग के प्रभावों का अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. रामकिशोर जोशी |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. रमाकान्त शर्मा (चूलेट) |
| **वर्ष** | : | 1995 |

ग्रहणी रोग का दोष–दूष्य सम्मूर्च्छना जनित विकृति परक अन्वेषणात्मक अध्ययन एवं श्लैष्मिक ग्रहणी रोग में प्रतिपादित चरकोक्त चिकित्सा सिद्धान्त की कार्मुकता का अध्ययन करना ही प्रस्तुत महानिबन्ध का उद्देश्य है ।

प्रस्तुत शोध हेतु 35 आतुरों का चयन कर उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया गया। स्नेहन, स्वेदन पश्चात् वर्ग 'अ' के 3 आतुरों को वमन करवाकर पलाशादि पानीय (च.चि. 15/142–143) 50 ग्राम को क्वाथ विधि से तैयार कर दिया गया तथा पलाशादि पानीय से सिद्ध यवागू का प्रयोग करवाया गया । वर्ग 'ब' के 32 आतुरों को केवल पलाशादि पानीय तथा उपरोक्त यवागू का प्रयोग करवाया गया । औषध प्रयोग अवधि न्यूनतम एक माह रखी गई ।

प्रथम वर्ग 'अ' के आतुरों को 65 से 70 प्रतिशत लाभ तथा द्वितीय वर्ग 'ब' के आतुरों को 60 से 65 प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ।

# काय चिकित्सा – 11

## आमवात पर आमगजसिंह मोदक का चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. जागेश्वर प्रसाद चौरसिया |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. दयाशंकर मिश्रा |
| **वर्ष** | : | 1995 |

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में जन सामान्य में पाई जाने वाली व्याधि आमवात पर शास्त्रीय योग आमगजसिंह मोदक की कार्मुकता का अध्ययन किया गया है।

प्रस्तुत शोध हेतु 50 रोगियों का चयन किया गया तथा उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया गया।

वर्ग 'अ' में बिना शोधन आमगजसिंह मोदक (भैषज्यरत्नावली 29/127–134) का प्रयोग किया गया तथा वर्ग 'ब' में शोधन पश्चात् आमगजसिंह मोदक का प्रयोग किया गया ।

औषध मात्रा – 10 से 20 ग्राम प्रातः, सायं

अनुपान – उष्णोदक

औषध प्रयोग अवधि – 1½ माह

चिकित्सा परिणाम का निर्धारण रोगियों में उपस्थित लक्षणों की तीव्रता में चिकित्सोपरान्त कमी के आधार पर किया गया । इसके अनुसार वर्ग 'अ' के रोगियों में आमगजसिंह मोदक का औसत लाभ 52 प्रतिशत एवम् वर्ग 'ब' के रोगियों में आमगजसिंह मोदक का औसत लाभ 56.3 प्रतिशत रहा ।

# काय चिकित्सा – 12

## श्वेत प्रदर रोग में मधुकाद्यवलेह एवं तक्र बस्ति का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. नम्रता सातपुते

**निर्देशक** : वैद्य बनवारी लाल मिश्रा

**सह–निर्देशक** : डा. गीता शर्मा

**वर्ष** : 1996

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में स्त्रियों में पाई जाने वाली विशिष्ट व्याधि श्वेत प्रदर में मधुकाद्यवलेह एवम् तक्र बस्ति की कार्मुकता का अध्ययन किया गया है ।

प्रस्तुत शोध हेतु 60 रोगियों का चयन किया गया तथा उन्हें तीन वर्गों में विभाजित किया गया ।

वर्ग 'अ' – मधुकाद्यवलेह (घटक द्रव्य – मुलेठी, रक्त चन्दन, लाक्षा, रक्त कमल आदि 25 द्रव्यों की अवलेह कल्पना) का प्रयोग 1 तोला मात्रा में प्रातः, सायं उष्ण दुग्ध से

वर्ग 'ब' – तक्र उत्तरबस्ति (तक्र 250 मि.लि. + त्रिफला क्वाथ 250 मि.लि.) का प्रयोग

वर्ग 'स' – मधुकाद्यवलेह व तक्र उत्तरबस्ति का प्रयोग

प्रयोग अवधि – 1 माह

वर्ग 'अ' में औषध, योनि से श्वेत वर्ण स्राव लक्षण पर सर्वाधिक 65 प्रतिशत कार्यकारी तथा न्यूनतम कार्यकारी 40 प्रतिशत चिड़चिड़ापन लक्षण पर रही । वर्ग 'ब' में औषध, योनि से श्वेत वर्ण स्राव, लसदार स्राव, कटिशूल इन तीनों पर समान रुप से 50 प्रतिशत कार्यकारी रही । वर्ग 'स' में औषध, योनि स्राव पर सर्वाधिक 75 प्रतिशत कार्यकारी तथा योनि कण्डू लक्षण पर न्यूनतम 46.66 प्रतिशत कार्यकारी रही ।

श्वेत प्रदर में शोध कार्य हेतु चयनित मधुकाद्यवलेह तथा तक्र बस्ति का परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा।

# काय चिकित्सा – 13

## उच्चरक्तचाप में चन्द्रकला रस का चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. अर्जुन सिंह चारण |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. राधेश्याम शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1996 |

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में उच्चरक्तचाप का आयुर्वेदीय पक्ष एवम् उसकी आयुर्वेद के सन्दर्भ में विस्तृत विवेचना (सम्प्राप्ति, दोष–दूष्य, निदान, इत्यादि) तथा उस पर चन्द्रकला रस की कार्मुकता का अध्ययन किया गया है ।

इस शोध कार्य हेतु 50 आतुरों का चयन किया गया । प्रत्येक आतुर को औषध रूप में चन्द्रकला रस (रसतन्त्रसार व सिद्धप्रयोगसंग्रह, प्रथम खण्ड) की 2 गोली प्रातः, सायं 45 दिनों तक सुखोष्ण जल से सेवन करवाई गई।

अनुसन्धानार्थ कुल गृहीत 50 आतुरों में से पूर्ण लाभ 22 प्रतिशत आतुरों को, पर्याप्त लाभ 52 प्रतिशत आतुरों को तथा अल्प लाभ 26 प्रतिशत आतुरों को मिला ।

# काय चिकित्सा – 14

## अश्वामलकी योग का कार्श्य रोग पर रसायन प्रभाव एक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. शंकर लाल जाट |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. अजय कुमार शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1996 |

धातुक्षयजोत्पन्न कार्श्य रोग की सम्प्राप्ति विघटन एवम् अश्वामलकी योग का कार्श्यरोग पर रसायन प्रभाव का अध्ययन ही महानिबन्ध का उद्देश्य है ।

प्रस्तुत शोध हेतु 30 आतुरों का चयन किया गया । प्रत्येक आतुर को शोधन के रुप में त्रिफला चूर्ण रात्रि को सोते समय उष्ण जल से तीन ग्राम की मात्रा में देकर शुद्धि कराई गई, संशोधनोपरान्त आतुरों को अश्वामलकी योग (कल्पित, घटक द्रव्य – अश्वगन्धा, आमलकी, दुग्ध, शर्करा तथा घृत) 10 ग्राम की मात्रा में प्रातः, सायं दुग्ध के साथ सेवन करवाया गया । औषध प्रयोग अवधि 2 माह रखी गई ।

प्रस्तुत शोध कार्य में गृहीत आतुरों में से सभी को मध्यम लाभ प्राप्त हुआ तथा लाभ का प्रतिशत 40.44 रहा ।

# Kaya Chikitsa - 15

## Cervical Spondylosis - Ayurvedic diagnosis and its management by Panca Karma Therapy with special reference to Abhyanga, Swedana and Nasya Karma

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Anil Kumar Singh Bhadoria |
| **Guide** | : | Vd. Banwari Lal Mishra |
| **Co-Guide** | : | Dr. R.K. Sharma (Chulet) |
| **Year** | : | 1996 |

The Present trial was carried out to assess the efficacy of Panca Karma therapy with special reference to Abhyanga and Nasya Karma by Karpasasthyadi Taila along with the Swedana by Nirgundi patra and suitable ayurvedic diagnosis of this disease be formed.

For this study 15 patients were selected and divided into two groups. Group I patients were given Snehana with Karpasasthyadi Taila (Sahasrayoga, Vata Vikara) and Nirgundi patra Nadi Sweda. Group II patients were given Karpasasthyadi Taila Snehana and Swedana with Nirgundi patra along with Nasya. The duration of each karma was decided for seven days.

86.7% patients in group II and 80.2% patients in group I were relieved of the symptom of neck pain. The radiation of pain was reported to be relieved in 93.04% patients of group II and 73.4% patients of group I. In paraesthesia 90.1% patients of group II and 66.7% patients of group I showed relief.

## काय चिकित्सा – 16

### अम्लपित्त में शोधनोपरान्त (वमन व विरेचन) दशांग क्वाथ का चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. अनिल कुमार गुप्ता |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. अजय कुमार शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1997 |

अम्लपित्त व्याधि की सस्ती, सुलभ एवम् उपयोगी चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रस्तुत शोध कार्य में दशांग क्वाथ का प्रयोग किया गया एवम् उसका चिकित्सात्मक अध्ययन किया गया ।

इस शोध कार्य हेतु 30 आतुरों का चयन कर उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया गया । वर्ग 'अ' में आतुरों को संशोधनोपरान्त (वमन, विरेचन) दशांग क्वाथ (चक्रदत्त 52/11) 8 तोला की मात्रा में दिन में दो बार प्रयोग करवाया गया तथा वर्ग 'ब' के आतुरों को बिना संशोधन करवाए उपर्युक्त मात्रा में दशांग क्वाथ का सेवन करवाया गया । प्रयोग अवधि 1 माह निर्धारित की गई ।

वर्ग 'अ' में कुल लाभ 92.95 प्रतिशत रहा, जबकि वर्ग 'ब' में कुल लाभ 79.69 प्रतिशत रहा ।

# काय चिकित्सा – 17

## तमक श्वास में वर्धमान पिप्पली का चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. राज कुमार पारीक |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. महेन्द्र कुमार शाण्डिल्य |
| **वर्ष** | : | 1997 |

तमक श्वास के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए व वर्धमान पिप्पली योग में श्वास नाशक गुण जैसे – पाचक, वात कफ नाशक, स्रोतोशोधक, अनुलोमन एवं विरेचन गुण होने से इस योग का अध्ययन हेतु चयन किया गया।

इस शोध हेतु तमक श्वास के 25 रोगियों का चयन किया गया । चयन का आधार तमक श्वास के लक्षणों एवं प्रयोगशालीय परीक्षणों (X-ray, ECG, Spirometery) को बनाया गया । चयनित रोगियों का 2 वर्गों में विभाजन किया गया।

प्रथम वर्ग के 15 रोगियों को बिना शोधन (वमन, विरेचन) के पिप्पली का वर्धमान क्रम से मधु व घृत के साथ सेवन करवाया गया ।

द्वितीय वर्ग के 10 रोगियों को शोधनोपरान्त पिप्पली का वर्धमान क्रम से मधु व घृत के साथ सेवन करवाया गया ।

औषध मात्रा एवं प्रयोग अवधि – रोगी के बल एवं दोष बल के आधार पर प्रतिदिन 3, 5, 7 व 10 पिप्पली से प्रारंभ कर 100 पिप्पली तक आरोही तथा अवरोही क्रम से सेवन कराई गई तथा इन क्रमों में प्रयोग अवधि 66 दिन, 39 दिन, 27 दिन तथा 19 दिन रही ।

प्रथम वर्ग के आतुरों में उत्तम लाभ 46.66 प्रतिशत, मध्यम लाभ 26.66 प्रतिशत व अलाभ 26.67 प्रतिशत प्राप्त हुआ ।

द्वितीय वर्ग के आतुरों में 80 प्रतिशत उत्तम लाभ व 20 प्रतिशत मध्यम लाभ प्राप्त हुआ ।

# काय चिकित्सा – 18

## परिणाम शूल में पिप्पली घृत का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. सीमा सिंह

**निर्देशक** : वैद्य बनवारी लाल मिश्रा

**सह–निर्देशक** : डा. राधेश्याम शर्मा

**वर्ष** : 1997

आधुनिक परिवेश में परिणाम शूल के बढते रोगियों की संख्या को देखते हुए इस रोग में पिप्पली घृत की कार्मुकता के अध्ययन हेतु विषय चयनित किया गया है।

इस शोध कार्य हेतु 23 आतुरों का चयन किया गया एवम् उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया गया । वर्ग 'अ' में 10 रोगी लिए गए जिन्हें चक्रदत्त में प्रतिपादित चिकित्सासूत्रानुसार शोधन पश्चात् पिप्पली घृत (चक्रदत्त 27/26) का प्रयोग करवाया गया एवम् वर्ग 'ब' में बिना संशोधन करवाए पिप्पली घृत का प्रयोग करवाया गया । प्रयोग अवधि 1 माह निर्धारित की गई । पिप्पली घृत की मात्रा 5 ग्राम एवम् अनुपान सुखोष्ण दुग्ध रखा गया ।

वर्ग 'अ' के आतुरों में 80 प्रतिशत रोगियों को लाभ प्राप्त हुआ तथा वर्ग 'ब' के आतुरों में 38 प्रतिशत रोगियों को लाभ प्राप्त हुआ ।

# काय चिकित्सा – 19

## स्थौल्य रोग के परिप्रेक्ष्य में लेखन वटी एवं लेखन बस्ति का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. महेश कुमार स्वामी

**निर्देशक** : वैद्य बनवारी लाल मिश्रा

**सह–निर्देशक** : डा. दया शंकर मिश्रा

**वर्ष** : 1997

जन सामान्य में बहुधा पाई जाने वाली बहूपद्रव व्याधि स्थौल्य की गम्भीरता को देखते हुए प्रस्तुत विषय का चयन शोध प्रबन्ध हेतु किया गया ।

प्रस्तुत शोध हेतु 24 आतुरों का चयन किया गया एवम् उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया गया । वर्ग 'अ' में 12 आतुरों को लेखन वटी (सुश्रुत सू. 15/38 में वर्णित द्रव्यों से निर्मित) 2–2 गोली (500 मि.ग्रा. प्रति गोली) दिन में 3 बार उष्णोदक से तथा लेखन बस्ति (च.चि. 38/81) का प्रयोग करवाया गया । वर्ग 'ब' में 12 आतुरों को केवल लेखन बस्ति का प्रयोग करवाया गया । औषध प्रयोग अवधि 3 माह रही ।

वर्ग 'अ' के आतुरों में उत्तम लाभ 75 प्रतिशत व मध्यम लाभ 25 प्रतिशत प्राप्त हुआ । वर्ग 'ब' के आतुरों में उत्तम लाभ 25 प्रतिशत तथा मध्यम लाभ 75 प्रतिशत प्राप्त हुआ ।

चयनित वर्ग 'अ' में लक्षणों की तीव्रता में उत्तम लाभ 60 प्रतिशत, मध्यम लाभ 26.67 प्रतिशत, अलाभ 13.13 प्रतिशत रहा ।

# काय चिकित्सा – 20

## पाण्डुरोग में मण्डूरवटक का चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. आशा |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. रमाकान्त शर्मा (चूलेट) |
| **वर्ष** | : | 1997 |

रस, रक्तक्षय एवम् पाण्डुरोग में जन्यजनकत्व, जनकजन्यत्व तथा अन्योन्याश्रयित्व सम्बन्ध का ज्ञान करने के लिए पाण्डु रोग में मण्डूर वटक का अध्ययन हेतु चयन किया गया ।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध हेतु 30 आतुरों का चयन किया गया एवम् उन्हें मण्डूर वटक (चरक चि. 16/102–104) 1 ग्राम दिन में 2 बार तक्र के साथ 30 दिन तक प्रयोग करवाया गया ।

इस अध्ययनानुसार नष्टाग्नित्व, दौर्बल्य, श्रम, अंगमर्द, ष्ठीवन, अल्परक्तत्व, अल्पमेदत्व, निःसारत्व, हृदय द्रवत्व, कार्श्य, बलक्षय, पाण्डुत्व, पारुष्य, अनन्नाभिनन्दन, त्वक्, मूत्र, नेत्र एवं नख पीतत्व तथा पीतवर्णत्व लक्षण शत प्रतिशत आतुरों में उपलब्ध पाए गए तथा चिकित्सा पश्चात् लक्षणों में क्रमशः 43.33 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 0 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 36.66 प्रतिशत, 33.33 प्रतिशत, 46.66 प्रतिशत, 3.33 प्रतिशत, 0 प्रतिशत, 0 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 33.35 प्रतिशत, 0 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 16.66 प्रतिशत लाभ पाया गया ।

# काय चिकित्सा – 21

## गृध्रसी रोग में रास्नादि गुग्गुलु का अनुपान भेद से चिकित्सात्मक अध्ययन

| | | |
|---|---|---|
| **अध्येता** | : | डा. सुशील कुमार राणा |
| **निर्देशक** | : | वैद्य बनवारी लाल मिश्रा |
| **सह–निर्देशक** | : | डा. चन्द्रभानु शर्मा |
| **वर्ष** | : | 1998 |

गृध्रसी रोग में रास्नादि गुग्गुलु का विभिन्न अनुपान भेद से प्रयोग कर उसकी कार्मुकता का अध्ययन करना ही इस शोध प्रबन्ध का उद्देश्य है ।

इस अध्ययन हेतु 40 आतुरों का चयन कर उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया गया । वर्ग 'अ' के आतुरों को रास्नादि गुग्गुलु (भा.भै. रत्नाकर, चतुर्थ भाग) उष्णोदक के अनुपान से दिया गया । वर्ग 'ब' के आतुरों को रास्नादि गुग्गुलु, निर्गुण्डी पत्र क्वाथ (40–50 मि.लि.) के साथ दिया गया । रास्नादि गुग्गुलु का एक से दो ग्राम मात्रा में दिन में दो बार अधिकतम 30 दिनों तक प्रयोग करवाया गया ।

वर्ग 'अ' के आतुरों में 45 प्रतिशत को उत्तम लाभ, 20 प्रतिशत को मध्यम लाभ तथा 15 प्रतिशत को अल्प लाभ प्राप्त हुआ । वर्ग 'ब' के आतुरों में 65 प्रतिशत को उत्तम लाभ, 20 प्रतिशत को मध्यम लाभ और 15 प्रतिशत को अल्प लाभ प्राप्त हुआ । इस प्रकार रास्नादि गुग्गुलु उष्णोदक अनुपान की अपेक्षा निर्गुण्डी पत्र क्वाथ के अनुपान के साथ प्रयोग करने पर अधिक सार्थक सिद्ध हुई ।

# काय चिकित्सा – 22

## मधुमेह रोग में पलाशपुष्पादि चूर्ण का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. मुन्ना लाल प्रजापति

**निर्देशक** : प्रो. सी.एच.एस. शास्त्री

**सह–निर्देशक** : डा. अजय कुमार शर्मा

**वर्ष** : 1998

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में मधुमेह रोग की कृच्छ्रसाध्यता एवम् निरन्तर बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए मधुमेह रोग (आईडीडीएम और एनआईडीडीएम) में पलाशपुष्पादि चूर्ण का चिकित्सात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है ।

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु 30 आतुरों का चयन कर उन्हें दो वर्गों में विभाजित कर वर्ग 'अ' के आतुरों (Non Insulin Dependent Diabetes Mellitus) में पलाशपुष्पादि चूर्ण (कल्पित, घटक द्रव्य – पलाश पुष्प 4 भाग, निम्ब पत्र, बिल्व पत्र, कारवेल्लक, तुलसी पत्र 1–1 भाग) का प्रयोग एवम् पथ्य सेवन तथा वर्ग 'ब' के आतुरों (Insulin Dependent Diabetes Mellitus) में पलाशपुष्पादि चूर्ण का प्रयोग एवम् पथ्य सेवन कराने का निर्धारण किया गया ।

Non Insulin Dependent Diabetes Mellitus वर्ग में 23 रोगी उपलब्ध हुए जबकि Insulin Dependent Diabetes Mellitus में एक रोगी भी उपलब्ध नहीं हुआ।

पलाशपुष्पादि चूर्ण को 5 ग्राम की मात्रा में दिन में तीन बार सुखोष्ण जल से भोजन के आधा घण्टा पूर्व सेवन करवाया गया। औषध प्रयोग अवधि 2 माह रखी गई।

इस अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि मधुमेह के रोगियों में पलाशपुष्पादि चूर्ण के प्रयोग से महत्वपूर्ण लाक्षणिक सुधार, मूत्रगत शर्करा एवम् रक्तगत शर्करा के स्तर में कमी पाई गई । मूत्रगत शर्करा में औसत लाभ 72.37 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

23 रोगियों में चिकित्सा पूर्व औसत रक्तगत शर्करा 272.56 मि.ग्रा./डीएल तथा चिकित्सा पश्चात् औसत रक्त गत शर्करा 201.76 मि.ग्रा./डीएल देखी गई, इस प्रकार 68.49 मि.ग्रा./डीएल की कुल औसत कमी देखी गई । औसत लाभ 25.15 प्रतिशत प्राप्त हुआ ।

# Kaya Chikitsa - 23

## Clinical evaluation of effect of Tagara on Hypertension

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Umesh Shukla |
| **Guide** | : | Prof. Ajay Kumar Sharma |
| **Year** | : | 1999 |

The present research work was carried out to assess the probable aetiopathogenesis of Hypertension as per ayurvedic principles and to evaluate the clinical effect of Tagara mula churna in Hypertension.

20 patients of Essential Hypertension of various decades of life were selected for the present study. All these 20 patients were given Tagara mula churna in the dose of 5gm b.d. with lukewarm water for 30 to 45 days.

Urine R/M, Blood urea, Serum creatinine and ECG investigations were carried out to evaluate the result.

The clinical trial of Tagara mula churna in mild cases of Essential Hypertension revealed a significant reduction in the level of systolic as well as diastolic blood pressure. No significant changes were observed in moderate, severe and very severe cases of Essential Hypertension. No statistically significant change was observed in biochemical studies (Blood urea & S. creatinine). In most of the cases ECG tracing was found within normal limit before & after treatment. There was a clinical trend of lowering down of pulse rate after the therapy with Tagara mula churna which was statistically insignificant.

# Kaya Chikitsa - 24

## Clinical evaluation of effect of Bala Haritaki (Terminalia chebula) on Serum Cholesterol

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Rajeev Sood |
| **Guide** | : | Prof. Ajay Kumar Sharma |
| **Year** | : | 1999 |

The present research work was carried out to find out the probable etiopathogenesis of Hypercholesteraemia as per ayurvedic principles and to evaluate clinically the effect of Bala Haritaki on Serum cholesterol.

15 patients were selected on the basis of built, look and weight and divided into two groups. 7 patients having Serum cholesterol within normal range and 8 patients having raised level of Serum cholesterol (i.e. Hyper cholesteraemia). All the patients were given Bala Haritaki in powder form in the dose of 2-3gm b.d. for 4-6 weeks. High dose (5gm b.d) causes loose motion, pain in calf muscles, excessive thirst and weakness.

After the therapy there is significant reduction in the level of Total lipids, Serum triglycerides, Serum cholesterol, Serum LDL and Serum VLDL. Level of Serum HDL was found to be significantly increased after the therapy, but no significant change was noted in bodyweight and adipose tissue thickness at various level.

# Kaya Chikitsa - 25

## Study to evaluate the efficacy of Vasti in Rheumatoid Arthritis (Amavata)

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Arun Gupta |
| **Guide** | : | Prof. Ajay Kumar Sharma |
| **Co-Guide** | : | Dr. Radhey Shyam Sharma |
| **Year** | : | 1999 |

The present research work was carried out to evaluate the efficacy of Vasti alone and in combination with drugs in the management of Rheumatoid Arthritis (Amavata) and to draw a hypothesis regarding the mode of action of Vasti on scientific basis.

30 patients were selected and divided into three groups of 10 patients each. First group was given Shaman chikitsa in the form of Sinhanada Guggulu (Bhaishajya Ratnavali 29/181-189) 1gm with 40ml of sunthi and guduchi kwath twice daily for a period of 1 month along with dry fomentation (Baluka Sweda) locally. Second group was given only Shodhan chikitsa in the from of Vaitaran Vasti (Chakradatta 73/32) along with Anuvasana Vasti with Saindhavadya Taila (Bhaishajya Ratnavali 29/215-221). Vasti chikitsa was given for 30 days according to the Karma Vasti regimen mentioned in Charak Samhita. Third group was treated with both Sodhan and Shaman chikitsa simultaneously.

In third group (Vasti + S.Guggulu) clinical improvement was 59.50%, functional improvement was 29.05% and haematological changes in ESR was 19.74%, where as in second group these are 47.49%, 22.51% and 13.2% respectively. In first group clinical improvement was 32.69%, functional improvement was 11.01% and haematological changes in ESR was 0.02%.

Thus maximum significant result was obtained in 3rd group.

# काय चिकित्सा – 26

## अपस्मार रोग में संशोधनपूर्वक वचा चूर्ण एवं स्मृतिसागर रस का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. उत्तम कुमार शर्मा

**निर्देशक** : डा. महेन्द्र कुमार शाण्डिल्य

**वर्ष** : 1999

अपस्मार रोग में संशोधन की उपयोगिता एवम् संशोधनोपरान्त संशमन चिकित्सा के प्रभाव का अध्ययन ही महानिबन्ध का उद्देश्य है ।

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु 30 आतुरों का चयन किया गया एवम् उन्हें तीन वर्गों में विभाजित किया गया । प्रत्येक वर्ग में 10 आतुरों को रखा गया । प्रथम वर्ग में वचा चूर्ण 500 मि.ग्रा. मधु से दिन में दो बार दिया गया । द्वितीय वर्ग में स्मृतिसागर रस (योगरत्नाकर, अपस्मारचिकित्सा, पृ. 502) 250 मि.ग्रा. दुग्ध से दिन में दो बार दिया गया । तृतीय वर्ग में स्मृतिसागर रस एवम् वचा चूर्ण मधु से उपर्युक्त मात्रा में दिन में दो बार दिया गया ।

चिकित्सा क्रम निम्न प्रकार रखा गया – (1) प्राक्पाचनसह स्नेहन (आभ्यन्तर) (2) संशोधन वमन, विरेचन व नस्य प्रयोग । (3) संशमन औषध प्रयोग – इसकी अवधि 3 माह रखी गयी ।

अपस्मार में तीक्ष्ण संशोधन पूर्वक दी गई संशमन चिकित्सा अधिक प्रभावकारी है। वचा चूर्ण का प्रभाव अपस्मार के पूर्वरूप एवम् वेगोत्तरकालिक लक्षणों के शमन में अधिक महत्वपूर्ण है । वेग आवृत्ति एवम् वेगकालिक समय में यह कम प्रभावी है ।

स्मृतिसागर रस अपस्मार के पूर्वरूप, वेगकालिक एवम् वेगोत्तरकालिक लक्षणों में अच्छा प्रभावी है, इसका दीर्घकाल तक निरन्तर सेवन करने से वेग आवृत्ति एवम् वेगकालिक समय में महत्वपूर्ण कमी आती है ।

# Kaya Chikitsa - 27

## Evaluation of Rejuvenation effect of Amalaki (Emblica officinalis) in old age

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Kahalekar Dhananjay N. |
| **Guide** | : | Dr. M.K. Shandilya |
| **Co-Guide** | : | Dr. D.S. Mishra |
| **Year** | : | 1999 |

Rasayana therapy is a unique approach enunciated by ayurveda. Acharya Sushruta has defined Rasayana as the method which delays the ageing process. On the basis of this concept the present topic is chosen for research work.

Apperently healthy 10 volunteers were selected of age group 40-60 yrs for the trial having age related disturbances.

The drug Amalaki was used in the form of juice 200 ml daily for 30 days. No anupana was given. Before using the drug Sansodhan was done with the help of Haritkyadi Yog (Cha.Chi. 1/1/25-26) in the dose of 10gm with luke warm water, for 3, 5 or 7 days.

Overall good rejuvenation effect (26% - 50%) was found in six volunteers, followed by better rejuvenation effect (51% - 75%) was found in three volunteers. Mild effect (6% - 25%) was observed in only one volunteer. Excellent rejuvenation effect (76% and above) was not found in any of the volunteer.

# Kaya Chikitsa - 28

## Clinical evaluation of Nasya Karma in Peenasa (Pratishyaya Roga)

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Rajiv Kumar Rai |
| **Guide** | : | Prof. Ajay Kumar Sharma |
| **Co-Guide** | : | Dr. K. Govardhan |
| **Year** | : | 2000 |

This research study was done to undertake a comprehensive study of Peenasa/Pratishyaya Roga (Rhinitis) on ayurvedic and modern principles and to evaluate the clinical effect of Nasya Karma.

Total 30 patients of Peenasa Roga were selected for the trial and divided into 3 groups of 10 patients each.

Patients of group I were administered Nasya with Pathyadi Taila (Bhaishajya Ratnavali 62/29), group II were administered Shringarabhra Rasa (Bhaishajya Ratnavali 14/102-110) 250 mg b.d. with honey orally and group III were administered Shringarabhra Rasa orally 250 mg b.d. along with Nasya with Pathyadi Taila for 21 days.

It was observed that there was statistically significant improvement in some symptoms of Peenasa Roga in group III, group I also showed significant improvement. In group II mild to moderate improvement was seen which was less than the other 2 groups where Nasya Karma was advised.

# काय चिकित्सा – 29

## तमक श्वास में मल्लसिन्दूर एवं यष्टीमधु चूर्ण का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येत्री** : डा. भारती बाँदिल

**निर्देशक** : डा. ओमप्रकाश शर्मा

**सह–निर्देशक** : डा. महेन्द्र कुमार शाण्डिल्य

**वर्ष** : 2000

तमक श्वास में मल्लसिन्दूर एवं यष्टीमधु चूर्ण का प्रायोगिक अध्ययन करना महानिबन्ध का उद्देश्य है ।

प्रस्तुत अध्ययन के लिए 20 रोगियों का चयन किया गया और प्रत्येक आतुर को मल्लसिन्दूर (रसतन्त्रसार व सिद्धप्रयोग संग्रह, प्रथम खण्ड) 125 मि.ग्रा. एवं यष्टीमधु चूर्ण 1 ग्राम मात्रा में दिन में 3 बार मधु के साथ 21 दिन तक सेवन करवाया गया ।

चिकित्सोपरान्त 30 प्रतिशत आतुरों में उत्तम लाभ, 55 प्रतिशत आतुरों में मध्यम लाभ तथा 15 प्रतिशत आतुरों में अल्प लाभ रहा । रक्तपरीक्षण के अन्तर्गत सभी आतुरों में Eosinophil, TEC और ESR में न्यूनता पाई गई जो तमक श्वास में लाभ होने का द्योतक है ।

# Kaya Chikitsa - 30

## Conceptual and Clinical evaluation of Rasayana Therapy with special reference to Amalki Rasayana

**Scholar** : Dr. Vishwanath Ankad

**Guide** : Prof. Ajay Kumar Sharma

**Year** : 2000

The main object of present research work is to undertake a clinical and laboratory study of Amalaki Rasayana (Cha.Chi. 1/1/75) for its psychobiological nature of the Rasayana prabhava.

For this trial 30 subjects were registered and divided into 3 groups. 10 subjects belonging to Sthoulya group, 10 subjects belonging to Karshya group and 10 apparently normal subjects termed as Placebo group.

All the patients were given Sanshodhana therapy with Haritkyadi Churna (Cha.Chi. 1/1/25-28) before starting the specific drug. Subjects belonging to Sthoulya and Karshya group were administered Amalaki Rasayana powder 5gm b.d. with luke warm water for 45 days, 10 subjects belonging to Placebo group were given Shankha Bhasma 250mg b.d. with luke warm water for 45 days.

This trial showed that there was tendency to gain weight in krisha patients while tendency to loose body weight in sthula patients. There was a significant reduction in the level of Serum cholesterol, Serum triglyceride, LDL, VLDL and potent increase in the level of HDL.

# Kaya Chikitsa - 31

## Clinical evaluation of Tikta Ksheer Vasti in the management of Sandhigata Vata with special reference to Osteoarthritis

| | | |
|---|---|---|
| **Scholar** | : | Dr. Kiran Mohite |
| **Guide** | : | Prof. Ajay Kumar Sharma |
| **Co-Guide** | : | Dr. Radhey Shyam Sharma |
| **Year** | : | 2000 |

This research work is undertaken to evaluate the efficacy of Tikta Ksheer Vasti alone and in combination of drug Panchtikt Ghrita Guggulu in the management of Sandhigata Vata (O.A.) and to draw a hypothesis regarding the mode of action of the drugs used in the trial on scientific basis.

For this study 30 patients of Sandhigata Vata (O.A.) were selected and divided into 3 groups. In group I – Panchtikta Ghrita Guggulu (Bhaishajya Ratnavali 54/233-236) was administered in the dose of 3 gm b.i.d. with lukewarm water for 30 days. In group II - Tikta Ksheer Vasti (Charak Sutra 28/26) was administered for 30 days. While in group III - Tikta Ksheer Vasti and Panchatikta Ghrita Guggulu both were administered for 30 days.

The results proved that merely Shamana therapy in the form of Panchtikta Ghrita Guggulu could not produce significant functional improvement but administration of Sodhana therapy in the form of Tikta Ksheer Vasti produces significant improvement in joint functions.

# काय चिकित्सा – 32

## मूत्रकृच्छ्र में गोक्षुरादि गुग्गुलु का चिकित्सात्मक अध्ययन

**अध्येता** : डा. हंसराज चौधरी

**निर्देशक** : डा. महेन्द्र कुमार शाण्डिल्य

**सह–निर्देशक** : डा. दयाशंकर मिश्रा

**वर्ष** : 2001

मूत्रकृच्छ्र व्याधि में गोक्षुरादि गुग्गुलु (शार्ङ्गधरसंहिता म.ख. 7/84–87) का प्रभावात्मक अध्ययन ही महानिबन्ध का उद्‌देश्य है ।

इस शोध कार्य हेतु मूत्रकृच्छ्र के 20 आतुरों का चयन कर गोक्षुरादि गुग्गुलु 2–2 वटी दिन में 3 बार जल के अनुपान से एक माह तक दी गई ।

